इस प्रश्न–पत्र में 50 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. 71/S/223

सेट – A1

# भारतीय संस्कृति और विरासत
# (223-H)

परीक्षा का दिन व दिनांक ______________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ______________________

2. ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) अथवा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **71/S/223, सेट - A1** लिखें।
7. (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।
8. प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।

# भारतीय संस्कृति और विरासत

# (223-H)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **50** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड – अ**

**प्र.सं. 1 से 20** - प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न **1** अंक का है। इन सभी प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें एवं लिखें।

(v) **खण्ड – ब**

**प्र.सं. 21 से 35** - वस्तुनिष्ठ प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं (1 अंक के दो उप–भाग)। इन प्रश्नों का प्रत्येक प्रश्न में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(vi) **खण्ड – स**

**प्र.सं. 36 से 40** - **2** अंकों के अति–लघुउत्तरात्मक प्रश्न हैं। जिनका उत्तर **25** शब्दों में दीजिये।

(vii) **खण्ड – द**

**प्र.सं. 41 से 45** - लघुत्तरात्मक प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **40 से 50** शब्दों में दीजिए।

(viii) **खण्ड – य**

**प्र.सं. 46 से 50** - दीर्घ–उत्तरात्मक प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **150 से 200** शब्दों में दीजिए।

---

**सामान्य अनुदेश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – अ

1 निम्न में से किस परिवार में गुरू नानक का जन्म हुआ था? **1**

(A) खत्री (B) ब्राह्मण

(C) सिख (D) बौद्ध

2 निम्न में से कौन रामानुज का शिष्य था? **1**

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) कृष्णदास (D) रामानन्द

3 निम्न में से किस वर्ष तक भारत ब्रिटिश वस्तुओं का एक अच्छा उपभोक्ता बन गया था? **1**

(A) 1713 (B) 1773

(C) 1813 (D) 1873

4 निम्न में से किस वर्ष में डल्हौजी ने भारत में पहली टेलीग्राफ लाइन खोली थी? **1**

(A) 1803 (B) 1833

(C) 1853 (D) 1873

5 18वीं शताब्दी की समाप्ति पर भारत में स्त्रियों की दशा दयनीय क्यों थी? **1**

(A) उनके जन्म को ही दुर्भाग्यशाली माना जाता था

(B) बाल विवाह

(C) बहु विवाह का प्रचलन

(D) यह सभी

6 भारत में विधवाओं को विवाहों में सम्मिलित होने की अनुमति क्यों नहीं होती थी? **1**

(A) क्योंकि वे अकेले रहना पसंद करती थीं

(B) क्योंकि वे कहीं और व्यस्त रहती थीं

(C) क्योंकि उनकी उपस्थिति अशुभ मानी जाती थी।

(D) इसमें से कोई नहीं

7 तुलसीदास राम को रामचरित मानस में कैसे देखते थे? **1**

(A) मानव की तरह (B) ईश्वर की तरह

(C) राजा की तरह (D) इसमें से कोई नहीं

8 राजा राम मोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना क्यों की थी? 1
(A) पूर्वस्थापित धार्मिक प्रथाओं को पुष्ट करने के लिये
(B) अपने चाहे हुये सुधार करने के लिये
(C) बहुतों को रोजगार देने के लिये
(D) आर्थिक गतिविधियों को चलाने के लिये

9 ब्रह्म समाज हिन्दू समाज में किस प्रकार से परिवर्तन लाना चाहता था? 1
(A) मानव गरिमा के रख रखाव पर बल देकर
(B) मूर्ति पूजा का विरोध करके
(C) सामाजिक कुरीतियों की निंदा करके
(D) यह सभी

10 हम मध्यकालीन भारत के दरबारों में फारसी दरबारी संस्कृति के लक्षण क्यों पाते हैं? 1
(A) क्योंकि इन्हें हिन्दू शासक पसंद करते थे
(B) क्योंकि इन्हें ब्रिटीश शासक पसंद करते थे
(C) मध्यकाल में तुर्की सुल्तान उन्हें अपने साथ लेकर आये।
(D) इनमें से कोई नहीं

11 गुलाम अली खान क्यों प्रसिद्ध थे? 1
(A) प्रतिकृति चित्रों के लिये
(B) परिदृश्य चित्रों के लिये
(C) पक्षियों के चित्र बनाने के लिये
(D) पशुओं के चित्र बनाने के लिये

12 औषधविज्ञान पर पुस्तक यगर्तबज्र किसने लिखी थी? 1
(A) सारंगधर
(B) भाव मिश्रा
(C) परमेश्वर
(D) नागार्जुन

13 भारत के लोगों के लिये शिक्षा के एकीकृत कार्यक्रम हेतु उचित प्रावधान करने के लिये निम्न में से सही कारण का चयन कीजिये। 1
(A) भिन्न भिन्न प्रकार के क्षेत्रीय विकास
(B) भिन्न भिन्न प्रकार की क्षेत्रीय भाषायें
(C) भिन्न–भिन्न प्रकार के सामाजिक व सांस्कृतिक लक्षण
(D) यह सभी

14 एक समाज में क्षेत्रीय असंतुलन तथा सामाजिक अन्याय क्यों होता है? 1
(A) प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण
(B) शिक्षा के प्रसार के लिये समुचित उपायों की कमी के कारण
(C) शैक्षिक संस्थानों की अधिकता के कारण
(D) रूढ़िवादिता और अंधविश्वास की कमी के कारण

15 1976 के संविधान संशोधन ने शिक्षा को संविधान की समवर्ती सूची में डाला है? 1
(A) राज्यों को शिक्षा प्रदान करने के लिये उत्तरदायी बनाने के लिये
(B) केन्द्र को शिक्षा प्रदान करने के लिये उत्तरदायी बनाने के लिये
(C) राज्यों तथा केन्द्र दोनों को शिक्षा प्रदान करने के लिये उत्तरदायी बनाने के लिये
(D) इनमें से कोई नहीं

16 आधुनिक काल में निम्न में से कौन लक्षण भारत की जाति व्यवस्था में आया है? 1

(A) वर्ण व्यवस्था
(B) जातियों का बनना
(C) श्रेणियों का बनना
(D) उपनामों को जोड़ना

17 निम्न में से कौनसी क्रिया के फलस्वरूप ब्रह्मसमाज का एक जाति जैसा उद्भव हुआ? 1

(A) जाति और जाति विरोधी आंदोलन
(B) जाति और जाति समर्थक आंदोलन
(C) शिक्षा का अभाव
(D) अर्थव्यवस्था की गिरावट

18 केरल के सीरियन ईसाइयों में... 1

(A) जाति नहीं होती
(B) जाति होती है जो कि पहले वर्ग थे
(C) न ही जाति होती है और न ही वर्ग
(D) इनमें से कोई नहीं

19 निम्न में से किस समय से भारत विश्व के अन्य देशों के साथ सम्पर्क में है? 1

(A) चौथी सहस्राब्दी ईसापूर्व के मध्य से
(B) तीसरी सहस्राब्दी ईसापूर्व के मध्य से
(C) दूसरी सहस्राब्दी ईसापूर्व के मध्य से
(D) पहली सहस्राब्दी ईसापूर्व के मध्य से

20 भारतीय संस्कृति का विदेशों में प्रसार उल्लेखनीय क्यों है? 1

(A) क्योंकि यह बलपूर्वक किया गया
(B) क्योंकि यह स्वैक्षिक स्वीकृति द्वारा हुआ था
(C) क्योंकि यह कभी हुआ ही नहीं
(D) इनमें से कोई नहीं

**खण्ड – ब**

21 खाली स्थान भरो : 2

सूफियों ने अपनी विचारधारा को क्रम से सिलसिले _________ के रूप में व्यवस्थित किया। चिश्ती, सुहरावर्दी, कादी और नक्शबंदी जैसे संस्थापकों के नाम पर इन _________ को नाम दिया गया।

**22** मध्यकालीन भारत में शिक्षा व्यवस्था को किस प्रकार संगठित किया गया था? दो तथ्य छोटे वाक्याँशों में लिखिये। **2**

**23** हिन्दी, गुजराती और पंजाबी की लिपियों में समानता क्यों है? दो कारण छोटे वाक्याँशों में लिखिये। **2**

**24** निम्न प्रश्नों का उत्तर एक शब्द / एक नाम या एक वाक्याँश में दीजिये : **2**

(a) शाहजहाँ के समय के चंद्रभान किस लिये प्रसिद्ध है?

(b) बदायूँनी किस लिये प्रसिद्ध है?

**25** सही कथन पर सही (✓) तथा गलत पर काटने (×) चिन्ह लगायें: **2**

(a) सिखों में धार्मिक सुधार बीसवीं शताब्दी में शुरू हुये थे।

(b) अमृतसर के खालसा कॉलेज की स्थापना 1892 में हुई थी।

**26** निम्न प्रश्नों का उत्तर एक शब्द / एक नाम या एक वाक्याँश में दीजिये : **2**

(a) सती प्रथा को किस वर्ष में गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था?

(b) शारदा एक्ट किस वर्ष में पारित हुआ था?

**27** खाली स्थान भरो : **2**

_________ शताब्दी में मुख्यतः 1919 के बाद _________ राष्ट्रीय आंदोलन सामाजिक सुधार का प्रमुख प्रसारक बन गया था।

**28** निम्न प्रश्नों का उत्तर एक शब्द / एक नाम या एक वाक्याँश में दीजिये : **2**

(a) 18वीं शताब्दी में सुधारकों ने भारतीय भाषाओं को प्रचार के लिये क्यों अपनाया?

(b) सुधारकों ने उपन्यासों, नाटकों, लघुकथाओं और कविताओं का प्रयोग क्यों किया?

**29** खाली स्थान भरो : **2**

अनेक व्यक्तियों, सुधार समाजों तथा धार्मिक संगठनों ने स्त्रियों में _________ के प्रसार, बाल _________ को रोकने, स्त्रियों को परदे के बाहर लाने और एक पत्नी विवाह को लागू करने के लिये कठिन परिश्रम किया।

**30** खाली स्थान भरो : **2**

_________ में कथकली का एक रूप यक्षगान हमें रामायण और महाभारत की कहानियाँ सुनाता है जबकि कथक और मणिपुरी _________ और उनकी लीलाओं से संबंधित हैं।

**31** रसचिकित्सा को औषधविज्ञान की एक अद्वितीय प्रणाली क्यों माना जाता है? छोटे वाक्याँशों में दो कारण बताइये। **2**

**32** स्तंभ A में दिये गये दो नामों को स्तंभ B में दिये गये उनके सही जोड़ों से मिलाइये। दोनों स्तंभों में बचे हुए दो नाम/जोड़ीदार, विकर्षक हैं। **2**

| **स्तंभ A** | **स्तंभ B** |
|---|---|
| वाराणसी | मौर्य |
| यशतिलक | शिक्षा का केन्द्र |
| उपनयन | वास्तुकला |
| शिक्षा | जैन साहित्य |

**33** घटिकाओं के किन्हीं दो चारित्रिक लक्षणों को छोटे वाक्याँशों में समझाइये। **2**

**34** सही कथन पर सही (✓) तथा गलत पर काटने (×) चिन्ह लगायें: **2**

(a) एक कबीले के सभी सदस्य एक दूसरे से रक्त संबंध रखते हैं।

(b) एक कबीले के सभी सदस्य समान नहीं होते।

**35** भारतीयोंकी मनोवृत्ति में जाति व्यवस्था गहनता से समाई हुई थी। किन्हीं दो उदाहरणों के साथ परीक्षण कीजिये। **2**

## खण्ड – स

**36** संस्कृत के 'कृ' शब्द का अर्थ लिखिये। **2**

**37** भूतकाल के बारे में जानने में चित्र किस प्रकार सहायक होते हैं? **2**

**38** मध्यकाल में शिक्षा में आये प्रमुख परिवर्तनों की व्याख्या कीजिये। **2**

**अथवा**

मध्यकाल में भारत में इस्लामिक संस्थानों की संख्या में हुई वृद्धि की व्याख्या कीजिये।

**39** मौर्य तथा उत्तर मौर्यकाल में भारतीय समाज में आये हुये परिवर्तनों की विवेचना कीजिये। **2**

**अथवा**

मौर्य तथा उत्तर मौर्यकाल में श्रेणियाँ क्यों महत्वपूर्ण बन गईं थीं?

**40** मध्यकाल में मुस्लिम शिक्षा की भावना तथा विषयवस्तु का परीक्षण कीजिये। कोई दो बिन्दु लिखिये। **2**

**अथवा**

मध्यकाल में पाठ्यक्रम को किन दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था?

## खण्ड – द

**41** उन तीन चीजों का वर्णन कीजिये जो किसी की संस्कृति को दर्शाती हैं? **3**

**अथवा**

हमारे व्यवहार के तीन प्रकार लिखिये जो हमारी संस्कृति को बताते हैं।

**42** बाटिक पेन्ट का एक ब्योरा लिखिये। **3**

**43** प्रस्तुति कलाओं के महत्व को संक्षेप में समझाइये। **3**

**44** भारत के उत्तरी क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय लोगों की किन्हीं तीन मुख्य समस्याओं की विवेचना कीजिये। **3**

**अथवा**

भारत के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय लोगों की किन्हीं तीन मुख्य समस्याओं की विवेचना कीजिये।

**45** प्राचीन जापानी समाज में संस्कृत के स्थान की व्याख्या कीजिये। **3**

**अथवा**

आज के जापान में संस्कृत के स्थान की व्याख्या कीजिये।

## खण्ड – य

**46** एक सभ्यता के पहलुओं को संक्षेप में समझाइये। **5**

**47** ममलूक सुल्तानों के अंतर्गत दिल्ली सल्तनत के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिये। **5**

**48** उत्तर भारतीय भाषाओं के उद्भव की प्रक्रिया का परीक्षण कीजिये। **5**

**49** सर जे. सी. बोस के प्रारम्भिक जीवन, शिक्षा तथा पहले रोजगार का परीक्षण कीजिये। **5**

**अथवा**

सर जे. सी. बोस के एक वैज्ञानिक के रूप में अविष्कारों तथा उपलब्धियों का परीक्षण कीजिये।

**50** भारत की पहुँच दूर दराज के देशों तक ले जाने में भारतीय व्यापारियों और अन्वेषकों की भूमिका का परीक्षण कीजिये। **5**

**अथवा**

प्राचीन काल में भारतीय संस्कृति दूर दराज के देशों में किस प्रकार फैली? परीक्षण कीजिये।

---